Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Aditya Nath Shri

an>

Title : Regarding starvation deaths in the country specially in Eastern U.P.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान देश के विभिन्न भागों में भुखमरी से जो मौतें हो रही हैं, उनकी ओर दिलाना चाहता हूँ। वर्ा 2000 में, एनडीए सरकार के समय भारत के अन्दर कहीं भी भूख से मौत न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कुछ योजनाएं लागू की गयी थीं। काम के बदले अनाज, अन्त्योदय, अन्नपूर्णा और बीपीएल आदि ऐसी ही योजनाएं थीं, लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इन सभी योजनाओं का विभिन्न क्षेत्रों में बड़ा दुरूपयोग हुआ है और वे योजनाएं चन्द लोगों की लूट-खसोट का जरिया बन गयी हैं। उत्तर प्रदेश के जनपद कुशीनगर में पिछले 20 महीनों में 35 से अधिक मौतें भूख से हुई हैं। मैंने अप्रैल में एक कॉलिंग अटेंशन सदन में दिया था, जिसका उत्तर इस सदन में सम्बन्धित मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया गया था।...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदय, यह ठीक नहीं है, माननीय सदस्य की जानकारी का स्रोत क्या है?...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : महोदय, मैं इसके प्रमाण दे रहा हूँ और तथ्यों पर आधारित बातें कह रहा हूँ।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यहां स्टेट मैटर मत लाइए। बड़ी मुसीबत हो गयी है।

...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : महोदय, मेरे पास तथ्य हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह उसके लिए सही जगह नहीं है। यह पार्लियामेंट में नहीं चलेगा। कोई स्टेट मैटर यहां नहीं उठाया जाएगा।

...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : महोदय, यह किसी एक राज्य का मामला नहीं है, बल्कि भुखमरी से जो मौतें हो रही हैं, उसका मामला है। हमारे पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम में जो कमियां हैं, मैं उनकी ओर सदन का ध्यान आकृट करना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Members, I am trying to do it. Why do you not hear?

योगी आदित्यनाथ : महोदय, पहले मेरी बात तो सुन ली जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वयं...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Yogi Aditya Nath, please take your seat. I would not allow anymore. You are misusing your opportunity.

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Now, Dr. Karan Singh Yadav to raise his matter.

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Yogi Aditya Nath, I would not allow it.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not record it.

*(Interruptions)**

अध्यक्ष महोदय :राजस्थान के रूरल पीपल की समस्या है, उसे सुनिए।

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय : **कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है, आप क्यों बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)